




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 67 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 19 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## एनएसयूआई आज फूंकेगी गृहमंत्री का पुतला

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता डॉ। भीमराव अंबेडकर जी पर दिए गए बयान के विरोध में आज गुरुवार 19 दिसंबर को गांधी चौराहे पर अमित शाह का पुतला दहन कार्यक्रम रखा है।

### दो बाईक चोरी, प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 18 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शहर में हीरो होण्डा एवं होण्डा की शाईन मोटर सायकल चोरी हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जाानकारी के अनुसार रमेशचंद्र पिता रामचंद्र भाटी निवासी तेलिया गली किला रोड ने की हीरो होण्डा गाड़ी क्रमांक एमपी 09 क्यू डब्ल्यू 6267 को कचोलिया राठौर तेली समाज धर्मशाला, खाकीकुआ के पास से एवं जाहीद हुसैन पिता हसन शाह निवासी नई आबादी की होण्डा शाईन गाड़ी क्रमांक एमपी 14 जेडएफ 8596 को फरियादी के घर के बाहर से अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज किया है।


# अब जिलाध्यक्ष नाक का सवाल..!

## दलौदा में दो के बीच में फंसा पेंच, शक्ति केंद्र से ही निकलेगा जिलाध्यक्ष

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** लगभग 90 प्रतिशत भाजपा मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति स्थानीय बड़े नेताओं के हस्तक्षेप के बाद ही हुई। इससे साफ हो गया है कि जिलाध्यक्ष जैसे बड़े पद के लिए भाजपा के तीन प्रमुख शक्ति केंद्र ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन शक्ति केंद्र से ही जिलाध्यक्ष निकलेगा। इससे यह भी तय है कि शक्ति केंद्रों की नाक का सवाल भी यहां होगा। इधर दलौदा में दो नेताओं के बीच पसंद को लेकर पेंच फंसने के कारण फिलहाल दलौदा मंडल अभी होल्ड पर ही है।

### यह तीन है वर्तमान में सक्रिय शक्ति केंद्र...

मंदसौर जिले में भाजपा के शक्ति केंद्रों की बात की जाए तो नाम आता है डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर। दिसंबर 2023 में विधानसभा नतीजों के बाद मल्हारगढ़ विधायक जगदीश देवड़ा राज्य में डिप्टी सीएम जैसे बड़े पद के साथ प्रदेश के राजनीतिक पटल पर उभरे। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 से कुछ पहले राजनीतिक संतुलन बनाने के मकसद से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मंदसौर मंडी के पूर्व अध्यक्ष, भाजपा किसाना मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर को राज्यसभा सदस्य बनाना तय किया। इसके बाद तीसरी कड़ी के तौर पर साल 2014, 2019 के बाद 2024 लोकसभा जीतकर सुधीर गुप्ता हैट्रिक बनाने में कामयाब रहे और वरिष्ठ सांसद बने।


### दलौदा को देख अंदाजा लगाया जा सकता है माथाफोड़ी का...

जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर इस बार तगड़ी माथाफोड़ी होना तय है। तीनों ही शक्ति केंद्रो की नाक का सवाल यहां होने वाला है। जिलाध्यक्ष के लिए होने वाली मशक्कत दलौदा मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति से लगाई जा सकती है। दलौदा एक महत्वपूर्ण मंडल माना जाता है। सूत्रों की माने तो यहां दो बड़े नेता अपने अपने प्यादों को फिट करने के लिए अड़े हुए है। यहीं कारण रहा कि 21 में से 20 मंडल अध्यक्षों के नाम पर मुहर लग गई। लेकिन, दलौदा अब तक होल्ड पर है। अब एक मंडल अध्यक्ष के लिए दो नेताओं की राय नहीं बनने के बाद बनती स्थिति को देखकर लगता है कि जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर होने वाला खेल रौचक होगा। तीनों शक्ति केंद्र प्रमुखों की एक राय के बाद ही जिलाध्यक्ष की नियुक्ति होगी

### चौथा शक्ति केंद्र होगा जिलाध्यक्ष...

भाजपा में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति सत्ता पक्ष वाली पार्टी का जिलाध्यक्ष होने से ज्यादा मायने रखती है। विधानसभा 2028 और लोकसभा 2029 के चुनाव नए जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में ही होंगे। हालांकि, एक देश - एक चुनाव योजना लागू हो जाती है तो विधानसभा व लोकसभा चुनाव एक साथ हो सकते है। वर्तमान में भाजपा प्रदेश व केंद्र की सत्ता में है, इस लिहाज से भी यह पद महत्वपूर्ण है और जिले में चौथे शक्ति केंद्र के तौर पर उभरना तय है।



**अनदेखी–** शहर की सड़कों पर आमजन अपने वाहन बेतरतीब खड़े कर देते है। जिससे बार– बार जाम लगता है। लेकिन, जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं जाता है।



# 18 क्विंटल गेहूं चोरी

## पुलिस ने पकड़े आरोपी, माल बरामद

**गरोठ, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ से एक ट्रक में लोड होकर जा रहे 18 क्विंटल गेहूं चोरी हो गए। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 17 दिसंबर को रूपचन्द पिता पुरालाल विश्वकर्मा उम्र 56 साल निवासी पुराना बस स्टेण्ड भानपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई इसमें उन्होंने बताया कि मेरे अशोक लिलेण्ड 14 चक्के ट्रक क्रं. आरजे 09 जीसी 5305 मे श्री नाकोडा ट्रेडिंग कम्पनी बोलिया से गेंहु के कुल 579 कट्टे वजन करीबन 33 टन 300 किलोग्राम लोड कर वाहन को ग्राम बोलिया से दाहोद मंडी गुजरात ले जाने हेतु लोड कर चालक ईश्वरसिंह को रवाना किया था। बाद ईश्वरसिंह ने बताया कि मै रात्रि मे शामगढ रोड गरोठ पर वाहन खडा करके खाना खाने घर चला गया था। सुबह आकर देखा आईसर ट्रक मे गेंहु के 31 कट्टे वजन करीबन 18 क्विंटल 30 किलोग्राम कम थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की। अपराध मे दौराने विवेचना के मुखबीर सुचना से आरोपी ड्राइवर ईश्वरसिह पिता हुकुमसिह सोधीया राजपुत उम्र 24 साल निवासी आनीया थाना पीडावा जिला झालावाड राजस्थान व श्रवणसिह पिता रामसिह सोधिया राजपुत उम्र 22 साल निवासी खजुरी दौडा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से घटना में चोरी गया मश्रुका इण्डस्ट्रीयल एरीया गरोठ से गेहूं बरामद किया गया।



**पेचवर्क –** नगरपालिका मंदसौर द्वारा शहर की कालोनियों में जहां–जहां बड़े–बड़े गड्डे हो गए थे, वहां पर पेच वर्क का कार्य किया गया।

# सरपंच की बाइक चुराकर ले जा रहे बदमाशों ने सहायक सचिव पर की फायरिंग

## सुवासरा क्षेत्र में कंजरों का उत्पात शुरु

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** चंबल किनारे के गांव लंबे समय से कंजर प्रभावित है। कुछ समय की शांति के बाद एक बार फिर कंजरो का उत्पात शुरु हो गया है। सुवासरा-सीतामऊ थाना क्षेत्र के कई गांव कंजरों की रेंज में रहते है। पूर्व में तत्कालीन सीतामऊ टीआई दिनेश प्रजापति और कंजरों का एक वीडियो भी काफी वायरल हुआ था। जिसमें टीआई कंजरों को चेतावनी देते हुए नजर आ रहे थे। हालांकि, अब वे इस अनुभाग के एसडीओपी है। मंगलवार-बुधवार की दरमियाी रात एक बार फिर सुवासरा थाना क्षेत्र में कंजरों की सक्रियता दिखाई दी। यहां सरपंच की बाइक ले जा रहे कंजरों ने सहायक सचिव पर फायरिंग की। हालांकि, बाइक कंजर नहीं ले जा पाए। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नाकाबंदी की, लेकिन कंजर हाथ नहीं लगे। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

17-18 दिसंबर की दरमियानी रात गोवर्धनपुरा सरपंच विनोद मेहर की बाइक कंजर उठा ले गए। सरपंच खेत के पास बाइक खड़ी कर खेत में गए थे। इसी दौरान कंजर बाइक उठाकर भाग निकले। इधर सरपंच विनोद मेहर ने सहायक सचिव शंकरलाल को मोबाईल से सूचना दी। गोर्वधनपुरा के पास ही गांव में सहायक सचिव ने बाइक को रोकने की कोशिश की तो कंजर बाइक छोड़कर भागने लगे। इस दौरान कंजरो ने फायरिंग भी की। इसके बाद पुलिस को सूचना भी दी गई। पुलिस ने बताया कि फायरिंग की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। कंजरों को पकडने का प्रयास किया गया। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है।

### आसान आवागमन के लिए तोड़ रहे थे स्टॉप डेम...

कुछ माह पहले सुवासरा तहसील मुख्यालय से 15 किमी दूर ग्राम धानडाखेड़ा के पास कालीसिंध नदी में करीब 50 से अधिक कंजरों ने स्टापडेम तोड़ने का प्रयास किया था। इसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने ही पत्थर फेंककर कंजरों को भगाया। जवाब में उन्होंने फायर भी किए थे। ग्रामीणों के ज्यादा संख्या में पहुंचने पर कंजर भाग गए। इसी स्टापडेम में बने इंटकवेल से ही सुवासरा में पेयजल सप्लाई होता है। ग्रामीणों ने बताया कि कंजरों को इस स्टापडेम से मुख्य परेशानी यह है कि इसमें पानी होने पर रात में कालीसिंध नदी पार कर आने-जाने में परेशानी होती है। उस नदी में अभी पानी बहुत कम है, इसका फायदा उठाकर ये लोग स्टापडेम को तोडने पहुंचे थे।

### सुवासरा में 82 तो सीतामऊ में 62 गांव प्रभावित...

कुछ साल पहले पुलिस द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार जिले में कंजर जाति की आपराधिक प्रवृत्ति वाली आबादी नहीं है। इसके बाद भी 7 थानों की पुलिस के लिए कंजर सिरदर्द और 295 गांवों के लगभग 2.50 लाख से अधिक लोगों के लिए दहशत का पर्याय बने हुए हैं। राजस्थान के झालावाड़ जिले के साथ कोटा, चित्तौडग़ढ़ और मप्र के रतलाम जिले में चंबल किनारे कंजरों के 21 डेरे है। ये कंजर नाहरगढ़, सुवासरा, अफजलपुर, शामगढ़, गरोठ, भानपुरा और सीतामऊ थाना क्षेत्रों में दहशत मचाते आ है। रिपोर्ट के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा कंजर प्रभावित गांव सुवासरा में 82 तो सीतामऊ में 62 है।

### अनाज की बजाय सुरक्षा टेक्स...

दो दशक पहले तक कंजर जिले में लगान के रूप में अनाज लेते थे, नहीं देने पर लूट-चोरी करते थे। जिस गांव से अनाज मिलता था, उस गांव में वारदात नहीं होने की गारंटी दी जाती थी। समय के साथ वारदातों का तरीका बदला। अब कंजर गैंग कच्ची शराब, डोडा चूरा, अफीम और हथियारों की तस्करी के साथ गांव में मौजूद दलालों के संपर्क में होते हैं। वे वाहन और पशुओं की चोरी करते हैं। ग्रामीण कानूनी प्रपंच से बचने के लिए कंजरों द्वारा वारदात की शिकायत पुलिस को नहीं करते। आज भी जिस गांव से उन्हें सुरक्षा टेक्स मिलता है, उस गांव में वारदात नहीं होती है।

### कंजरों की आमदरफ्त बाद सक्रिय हुए थे टीआई...

साल की शुरआत में ही कंजरों की मुवमेंट सीतामऊ-सुवासरा में तेज हो गई थी। जनवरी 2024 में तत्कालीन सीतामऊ टीआई दिनेश प्रजापति ने मोर्चा संभाला। उस समय सीतामऊ थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति ने बताया कि पिछले कई दिनो से कंजरों का आवागमन बढ़ने लगा तो हमने दबिश देने का प्लान बनाया। इसके लिए थाने के 10 लोगों की फोर्स तैयार की। जब हम कंजर डेरों पर दबिश देने जाते थे तो उनको हमारे पहुंचने की भनक लग जाती थी। वे मौके से भाग जाते थे। डेरों पर छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं ही मिलती थी। इसलिए हमने प्रॉपर प्लानिंग बनाई। मुखबिरों से इनके छिपने की जगह का पता लगाया। 30 जनवरी को सीतामऊ पुलिस को थाना क्षेत्र के करनाली गांव से कंजर गिरोह द्वारा एक बाइक चोरी करने की शिकायत मिली थी। जानकारी लगते ही टीआई प्रजापति थाने का फोर्स लेकर मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा से सटे कंजरों के डेरों में पहुंचे।

तत्कालीन टीआई प्रजापति ने कहा, हमने दोनों तरफ से कंजरों को घेर लिया। पीछे की तरफ से सब इंस्पेक्टर शुभम व्यास ने 4 पुलिसकर्मियों के साथ और आगे मैंने अपने साथियों के साथ घेरा डाला। कंजर समझ गए कि वे घिर चुके हैं तो हमारा विरोध करने लगे। सामने करीब 50 कंजर थे। उन लोगों ने पत्थर हाथों में उठाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस पीछे नहीं हटी। उन्हें खुली चेतावनी देना शुरू कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में काफी देर तक बहस भी हुई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी खासा वायरल हुआ था।

### इसलिए पुख्ता कार्यवाही नहीं कर पाती पुलिस...

राजस्थान के झालवाड़ जिले के टोकड़ा, लाखाखेड़ी, अरनिया, मुंडला, धामनिया, डग, बड़ोद सहित अन्य क्षेत्रों में कंजरों के डेरे हैं। यह मंदसौर जिले के गांवों में आकर वारदात करने के बाद भाग जाते हैं। इनके डेरों वाला पूरा क्षेत्र जंगल और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। एक तो राजस्थान की सीमा के अंदर और फिर भौगोलिक स्थिति के बारे में भी जानकारी नहीं होने से पुलिस ज्यादा पुख्ता कार्रवाई नहीं कर पाती है।

# पिकअप की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

**नीमच, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। बड़े अस्पताल में बुधवार सुबह उपचाररत बुजुर्ग की मौत हो गई। वह बीते दिनो सड़क हादसे में घायल हो गया था। मृतक जीरन थाना क्षेत्र के चल्दु के समीप किसी ढाबे पर काम करता था। मंगलवार रात को वह नीमच महू हाइवे से गुजर रहा था। जिसे तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। तत्काल आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने उसे इलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता से नीमच के बड़े अस्पताल पहुंचाया था। जहां बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।**

पुलिस के मुताबिक मृतक अशोक कुमार पिता प्यार चंद्र जाति ब्राह्मण उम्र 60 वर्ष मूल रूप से राजस्थान के गांव करनोज तहसील भदेसर जिला चितौड़गढ़ का रहने वाला था। वह छोटे-मोटे मजदूरी के काम किया करता था। चल्दु के समीप किसी ढाबे पर इन दोनों काम कर रहा था। हादसे की जानकारी पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई। सुबह बड़े अस्पताल पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जीरन थाने की हरकीया खाल पुलिस चौकी के प्रभारी रामपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि टक्कर मारने वाली पिकअप को पकड़ कर थाने पर खड़ा कर दिया गया है। हादसे की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# गुकेश डी क्यों भारतीय बनकर विश्व विजेता बना, इनामी राशि 11 करोड़ में से 4.67 करोड़ सरकार लेगी...



**मंदसौर/उज्जैन, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शतरंज जैसे बुद्धि के खेल में विश्व विजेता बनने वाले भारतीय खिलाड़ी गुकेश डी की उम्र अभी मात्र 18 साल है। देशवासियों के साथ खिलाड़ी वर्ग इस बड़ी अविश्वसनीय उपलब्धि पर खुश हो रहे हैं। देश भर के खेल संगठन गुकेश को बधाइयां दे रहे हैं कि गुकेश विश्व में भारत का नाम रोशन कर स्पर्धा जीत कर इनाम में ग्यारह करोड रुपए की राशि लेकर आ रहा है। जहां पूरे भारत में हर्ष का वातावरण है वहीं सरकार का वित्त मंत्रालय और लहसुन प्याज ना खाने वाली वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शायद इसे नजरअंदाज किए हुए हैं।

खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में अचरज भरी प्रतिक्रिया है कि गुकेश ने अपनी मेहनत से बगैर सरकारी मदद के देश का नाम रोशन करते हुए 11 करोड़ रुपए की जो राशि जीती है, उसमें से टैक्स और सरचार्ज मिलकर 4.67 करोड़ रूपया सरकार ले लेगी। यह घोर आश्चर्य की बात इसलिए है कि वर्तमान वित्त मंत्री ने गोदी सेठों को अपने ही मंत्रालय से दी जाने वाली करोड़ो अरबो रुपए की रियायत पर बगैर आंकड़े देखे सहमति देते आई है। जिन के कारण देश का नाम खराब हो रहा है, सरकार की साख घट रही है। दूसरी और विश्व में भारत को सम्मान दिलाने वाले 18 साल के शतरंज खिलाड़ी को उसकी मेहनत से कमाई राशि पर 4.67 करोड़ रूपए टैक्स का हंटर मारा जा रहा है। अजीब बात यह है कि डी गुकेश के साथ केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है, जो सभी को दिख रहा है। पर अभी तक विपक्ष ने भी गुकेश को मारे जा रहे टैक्स के हंटर पर मुंह नहीं खोला है। यही विपक्ष जब अदानी को टैक्स में रियायत देने पर आवाज उठाता है, जिसका अमेरिका में वारंट जारी हो चुका है। केन्या सरकार ने जिससे सारे अनुबंध तोड़ दिए है, जिसकेकारण भारत की साख आहत हो रही है। ऐसे में जिस नव युवा गुकेश ने दुनिया भर में देश को सम्मान दिलाया हो उसके लिए कम से कम विपक्ष को तो आगे आना ही चाहिए।



चन्द्रमोहन भगत

होना तो यह भी चाहिए कि देशभर के सभी खिलाड़ियों, खेल संगठनों को गुकेश की ईनामी राशि को टेक्स मुक्त रखने के लिए केंद्र सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहिए। उस सरकार का भी ध्यान इस ओर दिलाना चाहते हैं जिसके रहते अनेक व्यवसाई हजारों करोड़ो रुपया बैंकों का कर्ज खाकर विदेश भाग गए हैं। जबकि, डी गुकेश देश का सम्मान बढ़ाकर विदेशी मुद्रा को इनाम में लेकर भारत आ रहा है।

# पारा 7 से बढ़कर 8 डिग्री पहुंचा, ठंड से मामूली राहत

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित समूचे अंचल में बुधवार से अगले चार-पांच दिनों तक तापमान बढ़ने की उम्मीद है। इससे ठंड में मामूली राहत मिलेगी। जिले में फिलहाल अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास बना हुआ है। पिछले दिनों न्यूनतम तापमान 7 डिग्री बना हुआ था, जिसमें 1 डिग्री का इजाफा हुआ है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव के मुताबिक राजस्थान से कम सर्द हवा आने के चलते सर्दी कम हो रही है। उत्तर पश्चिम भारत में हवाएं अभी 260 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है।



मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह के मुताबिक इस बार पहाड़ी इलाकों से आई बर्फीली हवाओं के चलते सर्दी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि दिसंबर की शुरुआत में ही कड़ाके की सर्दी पड़ना शुरू हो गई है। जबकि, पिछले 10 साल के रिकॉर्ड के मुताबिक सर्दी 15 दिसंबर के बाद से बढ़ना शुरू होती थी। इस साल की सबसे ठंडी रात 10 दिसंबर की रही। तब न्यूनतम तापमान 7.2डिग्री पहुंच चुका था। हालांकि इसके बाद तापमान करीब एक डिग्री बढ़ा है। इससे पहले इस साल सर्दी नवंबर में भी अपना रिकॉर्ड तोड़ चुकी है।

# रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास




**नई दिल्ली, 18 दिसम्बर।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के तुरंत बाद उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान किया। 14 साल लंबे और यादगार करियर में अश्विन ने भारत के लिए 287 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 765 विकेट चटकाए। खासकर टेस्ट क्रिकेट में अश्विन का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा, जहां उन्होंने 535 विकेट अपने नाम किए। वे अनिल कुंबले के बाद टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं।

ब्रिस्बेन टेस्ट मैच के ड्रॉ होने के बाद जब प्रशंसक मुकाबले पर चर्चा कर रहे थे, तभी अश्विन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने संन्यास का ऐलान किया। अश्विन कप्तान रोहित शर्मा के साथ मीडिया से बात करने आए थे। दोनों के चेहरे पर जीत या ड्रॉ की खुशी नहीं दिखी। इस दौरान अश्विन ने कहा, 'मैं ज्यादा इंतजार किए बिना बताना चाहता हूं कि मैंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि युवा खिलाड़ी टीम में आएं और अपनी भूमिका निभाएं।' अश्विन के अचानक संन्यास पर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, 'संन्यास लेना किसी भी खिलाड़ी का व्यक्तिगत फैसला होता है। हमें इस फैसले का सम्मान करना चाहिए। इस बारे में मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता।' वहीं, स्टार स्पोर्ट्स पर कमेंट्री कर रहे हरभजन सिंह ने इस फैसले पर हैरानी जताते हुए कहा, 'मुझे नहीं पता कि उन्होंने सीरीज के बीच में अचानक यह फैसला क्यों लिया। मुझे लगता है कि अश्विन अभी 2-3 साल और खेल सकते थे।' चेतेश्वर पुजारा ने अश्विन के साथ खेले गए क्रिकेट पर खुशी जाहिर की लेकिन उनके अचानक संन्यास पर अफसोस भी व्यक्त किया। रविचंद्रन अश्विन ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक प्रदर्शन किए। वे न केवल भारत के सबसे सफल ऑफ स्पिनरों में से एक हैं, बल्कि ऑलराउंडर के तौर पर भी टीम के लिए उपयोगी साबित हुए। उनका यह फैसला क्रिकेट प्रशंसकों और साथी खिलाड़ियों के लिए आश्चर्यजनक और भावुक कर देने वाला है।

# सीसीपीए ने कोचिंग सेंटरों के भ्रामक विज्ञापनों पर अपनाया कड़ा रुख

## 45 कोचिंग सेंटरों को जारी किए गए हैं नोटिस, 19 संस्थानों पर 61 लाख का जुर्माना लगा, भ्रामक विज्ञापनों हेतु दिशा-निर्देश को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए 45 कोचिंग सेंटर्स को नोटिस भेजा है। 19 कोचिंग संस्थानों पर 61,60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सीसीपीए ने यह कार्रवाई छात्रों को गुमराह करने वाले विज्ञापनों के खिलाफ की है। कई कोचिंग सेंटर झूठे दावे करके छात्रों को लुभाते हैं। सीसीपीए ऐसे कोचिंग सेंटर्स पर लगातार नजर रख रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने छात्रों को फीस वापसी में मदद की है। 1.15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि छात्रों को वापस मिली है। उक्त बात केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा ने लोकसभा में सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहीं।




प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में सांसद सुधीर गुप्ता ने छात्रों और अभिभावकों के हितों को ध्यान में रखते हुए कोचिंग सेंटरों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों को लेकर प्रश्न किया। उन्होने कहा कि केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों के मुद्दे को हल करने के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी किए है। सीसीपीए ने नए दिशानिर्देशों के अंतर्गत कोचिंग सेंटरों, इसके प्रमोटरों और एन्डोर्सरों के लिए दंड और सजा का कोई प्रावधान है। कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक सूचना के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों के शोषण को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए है। केन्द्रीय मंत्री बी. एल. वर्मा ने आगे बताया कि उपभोक्ता मामलों का विभाग उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और उन्हें सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए नए कानून भी बनाए जा रहे हैं। आज के वैश्वीकरण, तकनीक और ई-कॉमर्स के दौर में उपभोक्ता संरक्षण के ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए 1986 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को हटाकर 2019 का उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लाया गया। इसके तहत सीसीपीए यानी केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण बनाया गया है। इसने कोचिंग सेंटर्स के भ्रामक विज्ञापनों पर ऐक्शन लिया है। छात्रों को फीस वापस दिलाने में मदद की है।

**ऐक्शन में सीसीपीए**–सीसीपीए 2019 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 10 के तहत स्थापित किया गया है। इसका काम है उपभोक्ताओं के अधिकारों के उल्लंघन, अनुचित व्यापार और भ्रामक विज्ञापनों को रोकना। ये विज्ञापन जनता और उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ होते हैं। सीसीपीए का मकसद उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा देना, उनकी रक्षा करना और उन्हें लागू करवाना है। कोचिंग सेंटर्स को भ्रामक विज्ञापन बनाने से रोकने के लिए सीसीपीए ने 13 नवंबर, 2024 को 'कोचिंग सेक्टर में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2024' जारी किए हैं। ये दिशानिर्देश कोचिंग सेंटर्स को झूठे या भ्रामक दावे/विज्ञापन करने और भ्रामक या अनुचित व्यवहार करने से रोकने के लिए हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से संचालित राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (छ्उक) देशभर के उपभोक्ताओं के लिए मुकदमेबाजी से पहले उनकी शिकायतों के निवारण के लिए एकल संपर्क बिंदु के रूप में उभरी है। उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1915 के जरिये 17 भाषाओं में देश भर से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। ये शिकायतें एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र (INGRAM) पर दर्ज की जा सकती हैं।

## हमारी वेशभूषा, वाणी और विचार सत्संग से ही सुधरेंगे- पं. दशरथभाईजी

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सुयश रामायण मंडल के तत्वाधान में संजय गांधी उद्यान में कथा प्रवक्ता पं. दशरथ भाईजी से संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। जिसे श्रवण करने बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित हो रहे है। श्री राम कथा के तृतीय दिन कथा प्रवक्ता पंडित दशरथ भाई जी ने कहा कि सत्संग से जीवन व मृत्यु दोनों सुधरती है। पद, प्रतिष्ठा, रूप नाम आदि का अहंकार जीव को भगवान की भक्ति नहीं करने देता है। प्रभु कृपा से संतों का संग मिले तब जीव की मति परमात्मा के श्री चरणों में लगती है निरंतर अभ्यास से यह संभव है। आपने कहा कि सती का पार्वती के रूप में हिमालय के यहां जन्म लेना तथा पूर्व जन्म के प्रभाव से तप करना तथा शिव को पुन: वर के रूप में प्राप्त करना। यह कथा हमें साधना की ओर प्रेरित करती है। आपने कहा कि सच्चे आत्मीय स्वजन बंधु और प्रिय वही है, जो अपने आत्मीय को कुमार्ग से हटाकर विषय विष वारुणी के जहरीले नशे से छुड़ाकर भगवान के मार्ग पर लगाते है।



घर-घर में कथा व कीर्तन होना चाहिए- दशरथभाईजी ने कहा कि वर्तमान का समय संक्रमण का काल है। वेशभूषा, विचार व्यवहार सब संक्रमित हो रहा है। कथा व कीर्तन घर-घर में होना चाहिए तभी हम इस संक्रमण से बच पायेंगे। कथा प्रसंग के दौरान मानस महादेव की सुंदर कथा में भगवान शिव के सुंदर श्रृंगार तथा शिव पार्वती विवाह का मंगल गान किया गया। कथा में स्वामी श्री नारायणगिरीजी महाराज एवं स्वामी श्री राजेश्वरानंदजी महाराज, गुरु श्री शिवकरण प्रधान का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। आरती मुख्य यजमान पत्रकार सुरेश भावसार व श्रीमती माया भावसार ने की। कथा श्रवण करने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, अनिल कियावत, वरिष्ठ पत्रकार महावीर अग्रवाल, प्रीतिपालसिंह राणा, ललित भारद्वाज, भाजपा नेता विनय दुबेला, विश्व हिन्दू परिषद नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, अम्बालाल चौहान, अजयप्रतापसिंह देवड़ा, रविन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार सोनी, रमेशचन्द्र सोनी धुंधड़का, प्राचार्य दीपाखेड़ा दिनेश शुक्ला, प्राचार्य बिल्लोद संदीपकुमार राठौर, उपप्रचार्य लक्ष्मीनारायण पाटीदार, शिक्षक भगवती शर्मा, नेपालसिंह राणावत, के.एल. पाटीदार, एडवोकेट सुनील शर्मा, रवि आचार्य, राकेश यादव, हेमन्त परिहार, पूर्व प्राचार्य रविन्द्र कुमार सोहोनी, राकेश आचार्य, श्री सेठिया सहित बड़ी संख्या में हरी भक्तो ने उत्साह व आनंद के साथ भाग लिया।





## प्रांतीय आव्हान पर पेंशनर संगठनों ने मांगों का ज्ञापन दिया

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के पेंशनरों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं म.प्र. शासन के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर की प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर स्वाती तिवारी को संघ के संरक्षक डॉ. रमेश देवड़ा, जिलाध्यक्ष सतीश नागर, भारत पेंशनर समाज के जिला महामंत्री इंजि. सुनील व्यास, उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह चौहान, संरक्षक प्रांतीय सचिव कन्हैयालाल भावसार, सचिव के.सी. श्रीवास्तव, पी.एस. चंदवानी, सुरेश व्यास, देवीलाल देवड़ा, रतनसिंह राठौर आदि पेंशनरों द्वारा दिया गया। ज्ञापन में म.प्र./छ.ग. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की पेंशन विरोधी धारा 49(6) समाप्त कने, जिला स्तर के पेंशनर कार्यालय को बंद नहीं करने, 30 जून व 31 दिसम्बर को दी जाने वाली एक वार्षिक वेतन वृद्धि स्वीकृति के अधिकार शासन द्वारा विभाग के प्रशासनिक अधिकारी भोपाल के स्थान पर संभागीय/जिला अधिकारियों को देने, कम्प्यूटेशन की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 8 माह करने के न्यायालय के आदेश का लाभ देने, केन्द्र के समान महंगाई राहत स्वीकृत करने, लंबित 27 माह एवं 32 माह का एरियर भुगतान करने, जिला स्तर पर पेंशन फोरम का गठन कर नियमित बैठक आयोजित करने, 80 वर्ष के उम्र लगते ही 20 प्रतिशत बड़ी हुई पेंशन राशि का भुगतान न्यायालय के निर्णयानुसार पेंशनरों को करने आदि कई मागों को सम्मिलित की गई जिनका शिघ्र निराकरण की मांग ज्ञापन में की गई। ज्ञापन का वाचन इंजि. सुनील व्यास द्वारा किया गया एवं आभार कन्हैयालाल भावसार ने माना। उक्त जानकारी एक विज्ञप्ति में सतीश नागर एवं राजेन्द्रसिंह चौहान द्वारा दी गई।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में हर हितग्राही तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ दिलाएं-डा.यादव

**नीमच, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डो में विशेष शिविर आयोजित किए जाए। संपर्क दल के माध्यम से हर हितग्राही तक पहुचं कर, उन्हें इन शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करे। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलो के कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए दिए। नीमच के एनआईसी कक्ष में आयोजित वी.सी. में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जिन सिह चौहान, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, वन मण्डलाधिकारी श्री एस.के.अटोदे, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए कि सभी पंचायतों और नगरीय वार्डो में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आयोजित किये जाए। कोई भी वार्ड एवं पंचायत छूटे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए इस अभियान में सर्वे कर, पात्र हितग्राहियों की सूची को अपडेट किया जाए। जनकल्याण अभियान की प्रगति की समीक्षा में बताया गया, कि प्रदेश में अब तक 72674 आवेदन पंजीकृत हुए है। इनमें से 41351 आवेदन स्वीकृत किए गए है। नीमच जिले में 2 हजार 186 पंजीकृत आवेदनों में से 1512 स्वीकृत किए जा चुके है। वी.सी. में शिविरों में पंजीकृत सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## जमीन विवाद में पीटा, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज हुआ। कनघट्टी निवासी चमनलाल कुमावत ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव के विक्रमसिंह राजपूत को 6 आरी जमीन बेची थी, लेकिन वह पूरी जमीन पर कब्जा करने लगा। मना किया तो विक्रमसिंह व उसके बेटे गोविंदसिंह ने मिलकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया।

## ऑल इंडिया शूटिंग चेम्पियनशिप में अंनत कनेश की बनी 9 वीं रैंक

**नीमच, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आईपीएस सुंदरसिंह कनेश के होनहार पुत्र अनंत कनेश ने 67 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप जो 15 से 31 दिसंबर 2024 को भोपाल शूटिंग अकादमी में अयोजित हुई थी जिसमें एयर राइफल इवेंट में तकरीबन 2500 शूटर्स ने भाग लिया। अनंत ने एयर राइफल यूथ मेन कैटेगरी में भाग लिया ओर इस मैच में में 598.5 स्कोर के साथ नेशनल क्वालिफाई कर लिया। यूथ कैटेगरी में क्वालिफाई स्कोर 585 था। अंनत ने ऑल इंडिया 9 वीं रेंक व मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शूटिंग स्पोर्ट्स सोसाइटी महू में



कोच सब मोहम्मद कलामुद्दीन (रिटायर्ड) जो कॉमनवेल्थ के सिल्वर मेडलिस्ट और नेशनल के चैंपियन ऑफ चैंपियन रह चुके हैं से अनंत सिंह कनेश ट्रेनिंग लेते हैं। जैसा कि सर्वविदित है अनंत सिंह कनेश ने मई 2024 में ऑल इंडिया ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता और अब अनंत सिंह कनेश की ऑल इंडिया में 9 वीं रेंक आयी है। इस उपलब्धि के बाद अंनत ने कहा कि वे अब कड़ी ट्रेनिंग और मेहनत के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीत कर अपने देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।

## मारपीट पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। अयोध्या बस्ती निवासी प्रदीप दमामी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पार्षद अशोक कोहली के साथ बाइक पर जा रहा था, इसी दौरान सहकारी दाल मिल के पास मनोज पिता कैलाश नट मिला गाली-गलौज कीव मापरपीट की। पुलिस ने मनोज पर केस दर्ज किया।



## अंर्तसदन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** 18 दिसंबर 2024 बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर में कक्षा नर्सरी से 5वीं तक की 4 दिवसीय अंतर्सदन खेल प्रतियोगिता (इंटर हाउस काम्पीटीशन) का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह की शुरुआत परेड और मार्च पास्ट के साथ मशाल रैली से हुई। साथ ही विविध खेलों के इस खेल महोत्सव की प्रारंभिक कुछ प्रतियोगिताएं औपचारिक रूप से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय के खेल शिक्षक श्री महेंद्र शुक्ला के साथ सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, स.वि.मं. सैनिक एवं सीबीएसई की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़ और खेल प्रमुख श्री दिनेश यादव और खेल प्रशिक्षक श्री रामपाल मसानिया उपस्थित रहे।

## आबकारी नीति के निर्धारण के लिये मंत्रि-परिषद समिति का गठन

**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये आबकारी नीति के निर्धारण एवं समय-समय पर अनुषांगिक विषयों पर निर्णय लेने के लिये मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया गया है। समिति में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत को मनोनीत किया गया है। प्रमुख सचिव वाणिज्य कर समिति के सचिव होंगे।

# 21 कन्याओं के नि:शुल्क विवाह के संकल्प के साथ 4 जनवरी से आयोजित होगी श्रीराम कथा

## प्रथम दिवस 1100 मातृशक्ति मस्तक पर कलश धारण कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएगी, किन्नर गुरु अनीता दीदी के सानिध्य में महिलाओं की बड़ी मीटिंग में हुआ निर्णय





**मंदसौर, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अक्षय तृतीया पर 21 कन्याओं के निशुल्क विवाह के संकल्प के साथ आगामी 4 से 12 जनवरी 25 तक भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में नयापुरा रोड स्थित रुद्राक्ष महेश्वरी भवन में आचार्य श्री रामानुज जी राजकोट के सानिध्य में आयोजित होने वाली श्री रामकथा के प्रथम दिवस नगर में निकलने वाली शोभायात्रा एवं कलश यात्रा की तैयारी को लेकर मातृशक्ति की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलामुखी किन्नर गुरु अनीता दीदी के सानिध्य में अग्रसेन मांगलिक भवन पर संपन्न हुई ,जिसमें निर्णय लिया गया कि 4 जनवरी को शनिवार को दोपहर 12:15 बजे गांधी चौराहा स्थित भगवान श्री तलाई वाले बालाजी की पूजा अर्चना के बाद नगर में शोभायात्रा निकलेगी जिसमें 1100 मातृशक्ति मस्तक पर कलश धारण करके शोभायात्रा की शोभा बढायेगी। मीटिंग में अग्रवाल समाज देशी पंचायत महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि अग्रवाल, महासचिव रानी अग्रवाल, माहेश्वरी समाज महिला मंडल अध्यक्ष मंजू जाखेटिया, कायस्थ समाज महिला मंडल अध्यक्ष रमा माथुर, ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष नीता चौबे, समाज सेविका ऋतु गर्ग, शीला छापरवाल, किरण सोमानी , ममता अग्रवाल, शशि झलोया, सुमन वर्मा मंचस्थ थी। बैंड बाजे एवं गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए घुड़सवार, एवं बड़ी संख्या में संतगण, कथावाचक एवं बटुक सहित नगर के गणमान्य जन ओर नगरवासी सम्मिलित होंगे। मातृशक्ति शोभायात्रा में 1100 प्लस मस्तक पर धारण कर आगे आगे चलेगी। मंगलामुखी किन्नर गुरु अनीता दीदी ने मातृशक्ति से आव्हान किया कि शोभा यात्रा की शोभा आप सब बहनों के हाथों में है। गरिमा पूर्ण तरीके से सभी बहनों को शोभायात्रा में सम्मिलित होकर कलश मस्तक पर धारण करना है कोई भी मातृशक्ति हाथ में कलश लेकर नहीं चलेगी। मातृशक्ति एक जैसी वेशभूषा में चुनर, लाल, केसरिया, पीली साड़ी में सम्मिलित होगी और जिस प्रकार से महिला मंडल की टीम लीडर निर्देश देवे उस अनुरूप हमको बात मानते हुए सब बहनों को शोभायात्रा में सम्मिलित होना है। शोभायात्रा में कोई भी बहिनें फोटो खींचवाने की होड़ में एक दूसरे को आगे पीछे ना करें। ओर नही अधूरी कलश यात्रा में से अपने घर जाए।

कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित मीटिंग में मंचस्थ एवं मीटिंग में उपस्थित श्रीमती सीमा शर्मा, आरती दवे, सुधा फरक्या, कुसुम मतराना, सहित अन्य मातृशक्ति ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि कलश यात्रा को लेकर काफी अव्यवस्था हो जाती है इसलिए कलश यात्रा में मस्तक पर कलश धारण करने वाली बहनों को पूर्व पंजीयन करना होगा तथा 1100 पंजीयन होने के बाद नवीन पंजीयन नहीं किये जाएंगे और जो भी बहिने अपना नाम कलश यात्रा में कलश धारण करने हेतु लिखवाएगी, उन्हें एक टोकन प्रदान किया जाएगा ताकि कलश यात्रा के दिन बहन टोकन व्यवस्था टीम को देकर कलश प्राप्त कर लेगी और पुन: एक नया टोकन उसे मिलेगा जो कलश यात्रा समाप्ति पर कथा स्थल पर जमा करना होगा। जहां पर प्रतिदिन ग्यारह ग्यारह लक्की ड्रा निकाले जाएंगे, जिन बहनों के नाम खुलेंगे वह बहिने मंच पर पोथी पूजन में सम्मिलित होगी और गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त करेगी। इसलिए सभी बहनों को कलश यात्रा की व्यवस्था अनुरूपी ही कलश प्रदान किए जाएंगे इसलिए बहिने पूर्व पंजीयन अवश्य रूप से करवा लेवे। आरंभ में अनिता दिदी एवं मंचस्थ अतिथि ने भगवान श्री तलाई वाले बालाजी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दिप प्रज्वलित किया। अतिथियों का स्वागत पिंकी गोयल, साक्षी जैन, अंजू मित्तल, मंडोवरा, कविता ओझा, कुसुम मतराना, आरती दवे, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित बहिनो ने किया। मीटिंग का संचालन भारती अग्रवाल ने किया तथा आभार ममता अग्रवाल ने माना।

## गौवंश को ठंड से बचाने के लिए बांधे कंबल

**पिपलियामंडी, 18 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अत्यधिक ठंड से गौवंश को बचाने के लिए श्री राधेकृष्ण गौशाला बरखेड़ापंथ के सदस्यों ने अयोध्या बस्ती में घूम रहे गौवंश को कंबल बांधे। इस अवसर पर समिति सदस्य अनिल रोजाना, रमेश शर्मा, विनोद माहेश्वरी, अनिल मालवीय आदि मौजूद रहे। समिति सदस्यों ने बताया गौवंश को ठंड से बचाने के लिए नगर में भी सेवा कार्य जारी रहेगा।




## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./मंदसौर/र.नि./सूबे./3847/2024 दिनांक-16.12.2024

### ✻✻ खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति ✻✻

जिला मंदसौर में वित्तीय वर्ष 2024-25 विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण अंतर्गत निम्न मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन द्वितीय खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.MPTenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। मरम्मत कार्यों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना भानपुरा | 1,23,541/- | 3,706/- | 15 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |
| 2 | थाना गरोठ | 1,11,936/- | 3,358/- | 15 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |

समय सारणी

| क्रं. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 16.12.2024 के 12.00 बजे से |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 17.12.2024 के 10.00 बजे से |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 23.12.2024 के 17.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की दिनांक | 24.12.2024 के 11.00 बजे |

अत: उपरोक्त मरम्मत कार्यों के पृथक-पृथक बंद लिफाफे (मय दस्तावेज एवं प्राईज ब्रिड के) रक्षित निरीक्षक कार्यालय में जमा किये जाए। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी के लिए समस्त दस्तावेज, निविदा शर्ते विभाग की वेबसाईड www.mppolice.gov.in एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन मंदसौर से प्राप्त कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक
जिला मंदसौर

G-20430/24 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in